# समाचार पत्र

अंक – 22, वर्ष – 2024 (जुलाई - सितम्बर)

# राष्ट्रीय पादप जीनोम अनुसंधान संस्थान

(बायोटेक्नोलॉजी विभाग, भारत सरकार)



## समाचार पत्र के इस अंक में -

- कार्यक्रम / आयोजन / विशेष चर्चाएँ
- सम्मान / पुरस्कार / उपलब्धियां
- पीएच.डी. डिग्री अवार्ड
- आमंत्रित व्याख्यान
- साइंस कम्युनिकेशन्स एंड आउटरीच

**संपर्क करें:**
**श्री रत्नेश्वर ठाकुर** (वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी, विज्ञान संचार)
मैनेजिंग एडिटर, समाचार पत्र (हिंदी),
ई-मेल : social@nipgr.ac.in,
टेलीफ़ोन नं. : 011-26735251 (एक्सटेंशन: 251)

@NIPGR
@NIPGRsocial
www.nipgr.ac.in

BRIC
a DBT Organization
राष्ट्रीय पादप जीनोम अनुसंधान संस्थान NATIONAL INSTITUTE OF PLANT GENOME RESEARCH
NIPGR
# समाचार पत्र

## कार्यक्रम / आयोजन / विशेष चर्चाएँ

### स्वतंत्रता दिवस

15 अगस्त, 2024 को एनआईपीजीआर, नई दिल्ली ने 78वें स्वतंत्रता दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक ने ध्वजारोहण किया और सभी स्टाफ सदस्यों, छात्रों, शोधकर्ताओं और कैंपस निवासियों के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया।





### हैंड्स-ऑन वर्कशॉप

एनआईपीजीआर द्वारा "**फ्री रेडिकल्स की माप पर हैंड्स-ऑन वर्कशॉप**" का आयोजन किया गया। 17-18 सितंबर 2024 को, देशभर के पच्चीस शोधकर्ताओं को फ्री रेडिकल्स की माप करने में व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त हुआ।





**जागरूकता कार्यक्रम :** डॉ. आशुतोष पांडे (वैज्ञानिक, एनआईपीजीआर एवं मुख्य अन्वेषक, DBT–NCSTCP) ने 1 सितम्बर, 2024 को फ्लोरा कल्चर, बड़वानी, मध्य प्रदेश में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम के तहत 'उत्तक संवर्धन उद्यमिता प्रोत्साहन एवं वायरस मुक्त पादप सामग्री उत्पादन का नियमन' विषय पर उपयोगी जानकारी प्रदान की।

BRIC
a DBT Organization
NATIONAL INSTITUTE OF PLANT GENOME RESEARCH
NIPGR

# समाचार पत्र

## कार्यक्रम / आयोजन / विशेष चर्चाएँ

### SciEfflux 2024

एनआईपीजीआर ने पीएचडी छात्रों की शोध प्रगति के लिए 19 और 20 सितंबर 2024 के दौरान साइएफ़्लक्स 2024, 16वीं वार्षिक छात्र संगोष्ठी का आयोजन किया, जिसके बाद छात्रों द्वारा रेनबो नामक एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।






#स्वच्छताहीसेवा2024 अभियान के तहत संस्थान के सदस्यों ने 18 सितंबर, 2024 को आयोजित 'स्वच्छता शपथ' में भाग लिया।



### हिंदी कार्यशाला

संस्थान में, सितंबर 26, 2024 को श्री ओम प्रकाश साह, कनिष्ठ हिंदी अनुवादक, रा.पा.जी.अनु.सं. द्वारा 'कार्यालय में प्रयुक्त सरल हिंदी वाक्य' विषय पर हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। संस्थान के स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक उक्त कार्यशाला में भाग लिया ।

**राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक**

संस्थान की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की पैंतालीसवीं तिमाही बैठक का आयोजन दिनांक सितंबर 26, 2024 को किया गया।

## सम्मान / पुरस्कार / उपलब्धियां

### राजभाषा कीर्ति पुरस्कार

हिंदी के प्रयोग व प्रसार के लिए वर्ष 2023-24 के राजभाषा कीर्ति पुरस्कार हेतु ‘क’ क्षेत्र में बोर्ड/ स्वायत्त निकाय/ट्रस्ट/सोसाइटी की श्रेणी में, भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा राष्ट्रीय पादप जीनोम अनुसंधान संस्थान को द्वितीय पुरस्कार (राजभाषा कीर्ति पुरस्कार) से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार 14 सितंबर, 2024 को भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित हिंदी दिवस तथा चतुर्थ अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में प्रदान किया गया।









डॉ. जगदीस गुप्ता कपुगंती (वैज्ञानिक, एनआईपीजीआर) को 'प्लांट फिजियोलॉजी' के मोनिटरिंग एडिटर के रूप में नियुक्त किया गया है।

## पीएच. डी. डिग्री अवार्ड

1. संस्थान के पीएच.डी. छात्र श्री धनराज सिंह को **"इन्वेस्टीगेशन ऑफ द रेगुलेशन ऑफ सेल साइकिल बाय मीटोजन एक्टिवेटिड प्रोटीन कायनेज कास्केड इम्पैक्टिंग ग्रोथ एंड डेवलपमेंट इन राइस"** नामक उनके शोध कार्य के लिए पीएच.डी. डिग्री से 9 जुलाई, 2024 को सम्मानित किया गया। उन्होंने यह शोध कार्य डॉ. आलोक कृष्णा सिन्हा (वैज्ञानिक) के मार्गदर्शन में पूरा किया है।

2. संस्थान के पीएच.डी. छात्र श्री जोगिन्द्र नाइक **को "इन्वेस्टीगेशन ऑफ द इम्पैक्ट ऑफ बायोटिक एंड एबायोटिक स्ट्रेस ऑन ग्रोथ एंड यील्ड इन राइस"** नामक उनके शोध कार्य के लिए पीएच.डी. डिग्री से 10 जुलाई, 2024 को सम्मानित किया गया। उन्होंने यह शोध कार्य डॉ. आशुतोष पांडे (वैज्ञानिक) के मार्गदर्शन में पूरा किया है।

3. संस्थान की पीएच.डी. छात्रा सुश्री पहेली मालाकार को **"रोल ऑफ सीबीएल-इंटरेक्टिंग प्रोटीन काइनेज 23 (सीआईपीके23) इन सैलिनिटी रिस्पोंस इन चिकपी"** नामक उनके शोध कार्य के लिए पीएच.डी. डिग्री से 29 जुलाई, 2024 को सम्मानित किया गया। उन्होंने यह शोध कार्य डॉ. देबाशीष चट्टोपाध्याय (वैज्ञानिक) के मार्गदर्शन में पूरा किया है।

4. संस्थान की पीएच.डी. छात्रा सुश्री अर्चना को **"फंक्शनल रोल ऑफ न्यूक्लियस इन मल्टी-होस्ट इम्यून रेस्पोंस एंड सीड न्यूट्रिएंट डायनामिक्स"** नामक उनके शोध कार्य के लिए पीएच.डी. डिग्री से 29 जुलाई, 2024 को सम्मानित किया गया। उन्होंने यह शोध कार्य डॉ. शुभ्रा चक्रवर्ती (वैज्ञानिक) के मार्गदर्शन में पूरा किया है।

5. संस्थान की पीएच.डी. छात्रा सुश्री अत्रेयी सेनगुप्ता को **"स्टडी ऑफ न्यूक्लियर फंक्शन एंड एपिजेनेटिक रेगुलेशन ऑफ प्लांट इम्युनिटी इन राइस ब्लास्ट डिजीज"** नामक उनके शोध कार्य के लिए पीएच.डी. डिग्री से 30 अगस्त, 2024 को सम्मानित किया गया। उन्होंने यह शोध कार्य डॉ. शुभ्रा चक्रवर्ती (वैज्ञानिक) के मार्गदर्शन में पूरा किया है।

6. संस्थान के पीएच.डी. छात्र श्री सुनील कुमार को **"फंक्शनल कैरेक्टराइजेशन ऑफ द डिहाइड्रेशन-रेस्पॉन्सिव प्रोटीन ओएसएएलबीए1 ऑफ राइस (ओर्यज़ा सटीवा एल.)"** नामक उनके शोध कार्य के लिए पीएच.डी. डिग्री से 30 अगस्त, 2024 को सम्मानित किया गया। उन्होंने यह शोध कार्य डॉ. शुभ्रा चक्रवर्ती (वैज्ञानिक) के मार्गदर्शन में पूरा किया है।

7. संस्थान की पीएच.डी. छात्रा सुश्री मनीषा को **"अनरवेलिंग मॉलिक्यूलर मैकेनिज्म गवर्निंग चिकपी (सिसर एरीटीनम एल.) - राइजोबिया (मेजोराइज़ोबियम साईसरी) इंटरेक्शन"** नामक उनके शोध कार्य के लिए पीएच.डी. डिग्री से 30 अगस्त, 2024 को सम्मानित किया गया। उन्होंने यह शोध कार्य डॉ. सभ्याता भारिया (चेयर वैज्ञानिक) के मार्गदर्शन में पूरा किया है।

8. संस्थान के पीएच.डी. छात्र श्री शुभाशीष दास को **"आइडेंटिफिकेशन एंड कैरेक्टराइजेशन ऑफ एंटी-कैंडिडा एक्टिविटी फ्रॉम प्लांट्स"** नामक उनके शोध कार्य के लिए पीएच.डी. डिग्री से 2 सितंबर, 2024 को सम्मानित किया गया। उन्होंने यह शोध कार्य डॉ. आशुतोष पांडे (वैज्ञानिक) के मार्गदर्शन में पूरा किया है।

## पीएच. डी. डिग्री अवार्ड

9. संस्थान की पीएच.डी. छात्रा सुश्री अमृता प्रधान को **"एक्सप्लोरिंग द पैथोजेनेसिटी डिटरमिनेंट्स एंड एंटीफंगल प्रोटींस फॉर कंट्रोल ऑफ नेक्रोट्रोफिक फंगल पैथोजेन राइज़ोक्टोनिया सोलानी"** नामक उनके शोध कार्य के लिए पीएच.डी. डिग्री से 2 सितंबर, 2024 को सम्मानित किया गया। उन्होंने यह शोध कार्य डॉ. गोपालजी झा (वैज्ञानिक) के मार्गदर्शन में पूरा किया है।

10. संस्थान के पीएच.डी. छात्र श्री मनबीर को **"द रोल ऑफ फ्यतोब्लोबिंस एस-नायित्रोसो ग्लुतथिओने रिडक्टेज एंड अल्टरनेटिव ओक्सिदास ऑन नायित्रो-ओक्सिदातिव स्ट्रेस टॉलरेंस इन अरबिदोप्सिस"** नामक उनके शोध कार्य के लिए पीएच.डी. डिग्री से 5 सितंबर, 2024 को सम्मानित किया गया। उन्होंने यह शोध कार्य डॉ. जगदीश गुप्ता कपुगंती (वैज्ञानिक) के मार्गदर्शन में पूरा किया है।

11. संस्थान की पीएच.डी. छात्रा सुश्री अंशिका पांडे को **"आइडेन्टफकेशन ऐन्ड कैरिक्टरिज़ेशन ऑफ जीन्स इन्वाल्व्ड इन रूट ग्रोथ प्लैस्टिसिटी ड्युरिंग अमोनीअम स्ट्रेस इन अरबिडोप्सिस"** नामक उनके शोध कार्य के लिए पीएच.डी. डिग्री से 24 सितंबर, 2024 को सम्मानित किया गया। उन्होंने यह शोध कार्य डॉ. अमर पाल सिंह (वैज्ञानिक) के मार्गदर्शन में पूरा किया है।

## आमंत्रित व्याख्यान

1. प्रो. अंजन कुमार बनर्जी (डिपार्टमेंट ऑफ बायोलॉजी, इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च (IISER) पुणे) ने 9 जुलाई, 2024 को " इंट्रिगिंग रोल ऑफ SHORT-LEAF एंड SCARECROW इन मॉस (Physcomitrium patens) लीफ डेवलपमेंट" विषय पर आमंत्रित व्याख्यान दिया।

2. प्रो. ब्रायन स्टास्केविज़ (प्रोफेसर, प्लांट एंड माइक्रोबियल बायोलॉजी डिपार्टमेंट, साइंटिफिक डायरेक्टर ऑफ एग्रीकल्चरल जीनोमिक्स, इनोवेटिव जीनोमिक्स इंस्टिट्यूट, यूसी बर्कले, सीए, यूएसए) ने 25 जुलाई, 2024 को "जीन एडिटिंग स्ट्रेटेजीज फॉर क्रिएटिंग ड्यूरेबल एंड सस्टेनेबल डिजीज रेजिस्टेंस" विषय पर आमंत्रित व्याख्यान दिया।

3. प्रो. डेविड सैवेज (एसोसिएट प्रोफेसर, डिपार्टमेंट्स ऑफ मॉलिक्यूलर एंड सेल बायोलॉजी एंड केमिस्ट्री, यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, बर्कले, यूएसए) ने 25 जुलाई, 2024 को "मॉलिक्यूलर मेकैनिज़्म्स एंड इंजीनियरिंग ऑफ फोटोसिंथेसिस" विषय पर आमंत्रित व्याख्यान दिया।

4. प्रो. दिनेश कुमार (चेयर और प्रोफेसर, डिपार्टमेंट ऑफ प्लांट बायोलॉजी, यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया डेविस, यूएसए) ने 26 जुलाई, 2024 को "प्लांट इम्यून सिग्नलिंग" विषय पर आमंत्रित व्याख्यान दिया।

5. डॉ. मंजीत कुमार (बायोइन्फॉर्मेटिक्स साइंटिस्ट, यूरोपीय आणविक जीवविज्ञान प्रयोगशाला (EMBL), हेडलबर्ग, जर्मनी) ने 3 सितंबर, 2024 को "फ्रॉम लिनियर मोटिफ्स टू अल्फाफोल्ड – इम्पैक्ट ऑफ एआई इन इल्यूमिनेटिंग मेकैनिस्टिक्स ऑफ प्रोटीन-प्रोटीन इंटरएक्शंस (PPIs)" विषय पर आमंत्रित व्याख्यान दिया।

## एनआईपीजीआर की ग्लोबल बायो इंडिया 2024 में प्रदर्शनी :

12-14 सितंबर 2024 को प्रगति मैदान, नई दिल्ली में आयोजित ग्लोबल बायो इंडिया 2024 में एनआईपीजीआर ने भाग लिया, जहाँ संस्थान के विज्ञान प्रदर्शनी स्टॉल ने आगंतुकों का ध्यान आकर्षित किया।

ग्लोबल बायो इंडिया 2024 एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय बायोटेक्नोलॉजी सम्मेलन है, जिसमें बायोप्रोडक्ट्स, नवाचार और विज्ञान के क्षेत्र में वैश्विक नेताओं, शोधकर्ताओं और उद्यमियों को एक मंच पर लाया जाता है। यह सम्मेलन बायोटेक्नोलॉजी उद्योग के विकास और उन्नति को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है। अधिक जानकारी के लिए विजिट करें: https://globalbioindia.org/







## चिन्मय विद्यालय, नई दिल्ली से एनआईपीजीआर का अध्ययन दौरा :

20 सितंबर, 2024 को चिन्मय विद्यालय, नई दिल्ली के छात्रों और शिक्षकों ने एनआईपीजीआर, नई दिल्ली का दौरा किया। इस अवसर पर डॉ. आशीष रंजन (वैज्ञानिक, एनआईपीजीआर) ने एक वैज्ञानिक व्याख्यान दिया और आगंतुकों से बातचीत की। श्री रत्नेश्वर ठाकुर (वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी, साइंस कम्युनिकेशन्स) ने संस्थान का परिचय दिया और एनआईपीजीआर परिसर में अनुसंधान सुविधाओं का दौरा कराया।





## साइंस कम्युनिकेशन्स एंड आउटरीच

### ओपन डे (BioE3)

एनआईपीजीआर ने BioE3 Policy (अर्थव्यवस्था, पर्यावरण और रोजगार के लिए जैव प्रौद्योगिकी) को बढ़ावा देने के लिए एक ओपन डे का आयोजन किया। इस ओपन डे में विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के छात्रों और शिक्षकों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में विशेषज्ञों द्वारा वैज्ञानिक व्याख्यान, शोधकर्ताओं द्वारा पोस्टर प्रस्तुतियां, लाइव वैज्ञानिक प्रदर्शन, और विभिन्न मॉडलों के साथ वैज्ञानिक प्रदर्शनियां शामिल थीं।







### नए पीएच.डी. छात्रों के लिए संस्थान से परिचय - ओरिएंटेशन कार्यक्रम:

2024-2025 शैक्षणिक वर्ष के नए पीएच.डी. छात्रों के लिए आयोजित ओरिएंटेशन कार्यक्रम के हिस्से के रूप में, **"अपने संस्थान को जानें: एक मार्गदर्शित दौरा** ***(Knowing Your Institute: A Guided Tour)"*** शीर्षक से एक विशेष सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र का संचालन श्री रत्नेश्वर ठाकुर, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी (विज्ञान संचार) द्वारा किया गया, जिसका उद्देश्य नए छात्रों को संस्थान और इसकी शोध सुविधाओं से परिचित कराना था।

